मैया मुझे मालूम नहीं तुम्हे कैसे सजाया जाता है

मैया मुझे मालूम नहीं तुम्हे कैसे सजाया जाता है
दाती मुझे मालूम नहीं तुम्हे कैसे सजाया जाता है

माथे बिंदिया लगायी जाती है
सर सिंदूर लगाया जाता है
फिर लाल चुनरिया गोटे की तेरे सिर पे उढाई जाती है
मैया मुझे मालूम नहीं...

एक नथनी पहनाई जाती है
और लाली लगायी जाती है
फिर लाल चुनरिया गोटे की तेरे सर पे उढाई जाती है
मैया मुझे मालूम नहीं.......

हाथ चूड़ी पहनाई जाती है
और मेहंदी लगाई जाती है
फिर लाल चुनरिया गोटे की तेरे सर पे उढाई जाती है
मैया मुझे मालूम नहीं...

पैर पायल पहनाई जाती है
महावर भी लगाया जाता है (बिछिये भी पहनाये जाते हैं)
फिर लाल चुनरिया गोटे की तेरे सर पे उढाई जाती है
मैया मुझे मालूम नहीं...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21381/title/maiya-mujhe-maalum-nhi-tumhe-kaise-sajaya-jata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |